माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक : मा.शि.बो. / परीक्षा–II / Ex-54/वेरीफिकेशन/2026/संस्था/52 दिनांक : 12/3/2026

12 MAR 2026

–: कार्यालय आदेश :–

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी प्रलेखों के सत्यापन के लिए पूर्व परिपत्र के क्रम में वर्ष 2001 से 2025 तक के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा तथा वर्ष 2018 से 2025 तक व्यावसायिक, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय, मुख्य एवं पूरक परीक्षा परिणामों को बोर्ड की वेबसाईट **(www.rajeduboard.rajasthan.gov.in)** पर उपलब्ध करा दिया गया है।

बोर्ड की वेबसाईट पर परीक्षा का नाम, परीक्षा का वर्ष तथा परीक्षार्थी के नामांक सबमिट करते ही परीक्षा परिणाम का स्टेटमेंट व जन्मतिथि कम्प्यूटर पर उपलब्ध हो जाएगा, जिससे नियुक्तिकर्ता एवं अन्य संस्थाओं के सक्षम अधिकारी स्वयं अपने स्तर पर ही बोर्ड द्वारा जारी **मूल (Original)** प्रलेखों का सत्यापन कर सकेंगे।

अतः उपर्युक्त परीक्षाओं का सत्यापन (Verification) बोर्ड द्वारा नहीं किया जाएगा।

वर्ष 2001 से पूर्व के सभी परीक्षाओं के एवं वर्ष 2018 से पूर्व के व्यावसायिक, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय, मुख्य एवं पूरक परीक्षा के सभी **मूल (Original)** प्रलेखों का सत्यापन बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें गैर सरकारी संस्थाओं के लिए नियमानुसार **प्रति परीक्षा रुपये 300/-** सत्यापन शुल्क निर्धारित है।

अतः सभी संबंधित को सूचनार्थ।

सचिव

09144 09164

क्रमांक : मा.शि.बो. / परीक्षा–II / Ex-54/वेरीफिकेशन/2026/ दिनांक : 12 MAR 2026

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राज. सरकार, जयपुर।
2. समस्त जिला कलक्टर / जिला पुलिस अधीक्षक।
3. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा, (राज.)
4. उपनिदेशक, प्राथमिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा, (राज.)
5. निजी सचिव माननीय अध्यक्ष / सचिव, मा.शि.बोर्ड राज., अजमेर
6. विशेषाधिकारी / मुख्य नियंत्रक (परीक्षा) / निदेशक / उपनिदेशक / सहा.निदेशक / अनुभाग अधिकारी।
7. समस्त विभागाध्यक्ष / कमाण्डेन्टेट / सैनिक भर्ती / कम्पनी कार्यालय आदि।
8. ए.सी.पी., आई.टी. एंड सी सैल मय अतिरिक्त प्रति बोर्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
9. जनसम्पर्क अधिकारी, मा.शि.बोर्ड राज., अजमेर।
10. रक्षित पत्रावली।

सचिव